This question paper contains 16 printed pages]

*Your Roll No.* ...............

**5846**

## LL.B./II Term

**C**

Paper LB-202 : FAMILY LAW-II

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks* : 100

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note* :— Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**टिप्पणी** :—इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी **या** हिंदी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए ।

Answer any *Five* questions.

*All* questions carry equal marks.

किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

P.T.O.

1. A, a male Hindu governed by Mitakshara law, owns the following properties :

(*i*) one kilogram of gold inherited from his mother;

(*ii*) a piece of land inherited from his father in 2005;

(*iii*) a house, which he got from his father under a will;

(*iv*) a BMW car purchased by him out of his earnings as a lawyer.

His son S, demands partition and share in all these properties. Decide.

मिताक्षर विधि से अधिशासित हिन्दू पुरुष A निम्नलिखित सम्पत्तियों का स्वामी है :

(*i*) अपनी माता से विरासत में पाया एक किलोग्राम सोना;

(*ii*) अपने पिता से 2005 में विरासत में पाया भूखण्ड;

(*iii*) अपने पिता से **विल** के अन्तर्गत प्राप्त एक मकान;

(*iv*) वकील के रूप में अपनी कमाई से खरीदी एक BMW कार;

उसका पुत्र S इन सभी सम्पत्तियों का बंटवारा चाहता है तथा इनमें अपने शेयर की माँग करता है। विनिश्चय कीजिए।

2. A mitakshara coparcenary consists of A and his two adult sons $S_1$ and $S_2$. The family lives in Noida. They have extensive land in Haridwar. A sold the land and used the sale proceeds for the following purposes :

(*i*) renovation of the family house in Noida;

(*ii*) marriage of A's 16 years old daughter

(*iii*) depositing 10 lakhs in the bank for earning monthly interest on it.

$S_1$ and $S_2$ challenged the alienation as they were not consulted by A. Decide.

A तथा उसके दो वयस्क पुत्र $S_1$ और $S_2$ एक मिताक्षर सहदायिकी का गठन करते हैं। यह परिवार नोएडा में रहता है। उसके पास हरिद्वार में विस्तृत भूमि है। A ने भूमि का विक्रय किया तथा विक्रय-आगम को निम्नलिखित प्रयोजनों में प्रयुक्त किया :

(*i*) नोएडा में पारिवारिक मकान का जीर्णोद्धार;

(*ii*) A की 16 वर्षीय पुत्री का विवाह;

(*iii*) मासिक ब्याज कमाने के लिए 10 लाख रुपए बैंक में जमा।

$S_1$ तथा $S_2$ ने इस अन्यसंक्रामणों को यह कहते हुए आक्षेपित किया कि A ने उनसे परामर्श नहीं किया। विनिश्चय कीजिए।

3. $B_1$, $B_2$ and $B_3$ are three brothers constituting Mitakshara Coparcenary residing in Delhi. $B_3$ was employed at Bangalore. On 1 Jan. 2013, $B_3$ send a registered letter to $B_1$ and $B_2$ expressing his intention to separate from the joint family. On 4 Jan. 2013, he executed a gift deed donating his share in the family property in favour of his girl friend G. On 5 Jan. 2013, $B_1$ being the Karta sold the whole joint family property for discharging family debts and paying government dues. On 8 Jan. 2013, $B_3$ died in an

accident. His registered letter, however, reached $B_1$ and $B_2$ on 10 Jan. 2013.

Examine whether G is entitled to the share of $B_3$ ? Would it make any difference to your answer if $B_3$ had executed a will instead of gift deed in favour of G ?

दिल्ली में रह रहे तीन भाई $B_1$, $B_2$ और $B_3$ ने मिताक्षर सहदायिकी का गठन किया है। $B_3$ बंगलौर में नियोजित था। 1 जनवरी, 2013 को $B_3$ ने संयुक्त कुटुम्ब से पृथक् होने का अपना इरादा व्यक्त करते हुए $B_1$ तथा $B_2$ को रजिस्टर्ड पत्र भेजा। 4 जनवरी 2013 को उसने अपनी महिला मित्र G के पक्ष में कुटुम्ब सम्पत्ति में अपने शेयर को दान करते हुए दान-विलेख निष्पादित कर दिया।

5 जनवरी 2013 को कर्ता होने के नाते $B_1$ ने पारिवारिक ऋण को उन्मोचित करने तथा सरकारी शुल्कों का भुगतान करने हेतु समस्त संयुक्त कुटुम्ब सम्पत्ति को बेच दिया। 8 जनवरी 2013 को $B_3$ की दुर्घटना में मृत्यु हो गई। मगर उसका रजिस्टर्ड पत्र $B_1$ तथा $B_2$ के पास 10 जनवरी, 2013 को पहुँचा।

जाँच कीजिए क्या G, $B_3$ के शेयर की हकदार है ? यदि $B_3$ ने G के पक्ष में दान-विलेख की बजाय विल निष्पादित की होती तो क्या इससे आपके उत्तर में कोई अन्तर पड़ता ?

4. X, a male Hindu governed by Mitakshara law dies in Delhi as an undivided coparcener in 2012 survived by his

father F, mother M, stepmother FW, a brother $Br_1$, widow, son and daughter of a predeceased brother $Br_2$, a married sister Sis who is having a son Sis S and a daughter Sis D, two sons $S_1$ and $S_2$ and a daughter $D_1$. $S_1$ is married to $S_1W$ and has a son $S_1S$ and daughter $S_1D$. $D_1$ is married to H and has a son $D_1S$ and daughter $D_1D$.

Determine the shares of these members in the family. Would your answer be different if the family was domiciled in Chennai ?

मिताक्षर विधि द्वारा अधिशासित एक हिन्दू पुरुष X की दिल्ली में 2012 में अविभक्त सहदायिक के रूप में मृत्यु हो गई। उसने अपने पीछे छोड़े हैं अपने पिता F, माता M,

सौतेली माता FW, एक भाई $Br_1$, पूर्वमृत भाई $Br_2$ की विधवा, पुत्र तथा पुत्री, एक विवाहित बहन Sis जिसका एक पुत्र है Sis S तथा एक पुत्री Sis D, दो पुत्र $S_1$ तथा $S_2$ तथा एक पुत्री $D_1$। $S_1$ ने $S_1W$ से विवाह किया है तथा उसको एक पुत्र $S_1S$ तथा एक पुत्री $S_1D$। $D_1$ का विवाह H के साथ हुआ है तथा उसको एक पुत्र $D_1S$ तथा एक पुत्री $D_1D$ है।

परिवार में इन सदस्यों के शेयरों को अवधारित कीजिए। यदि परिवार चेन्नई में अधिवासित होता तो क्या आपका उत्तर भिन्न होता ?

5. X, a Hindu died intestate in 2012 survived by parents F and M, and a surviving spouse W. X had two sons $S_1$

and $S_2$, and two daughters $D_1$ and $D_2$. X also had an illegitimate son $S_3$. $S_1$ during a family fight killed $D_1$ in 2010. $D_2$ in 2008 converted to Muslim faith and married a Muslim boy $D_2H$. She died in 2011 survived by $D_2H$ and a daughter $D_2D$ born in 2009. X leaves behind separate property worth 50 lakhs. Ascertain the shares of aforesaid relatives in X's property :

(*a*) if X was a male

(*b*) if X was a female.

एक हिन्दू X की 2012 में निर्वसीयती मृत्यु हो गई। उसने अपने पीछे पिता-माता F तथा M और पत्नी W छोड़ी है। X के दो पुत्र $S_1$ तथा $S_2$ और दो पुत्रियाँ $D_1$ तथा $D_2$

हैं। X को एक अधर्मज पुत्र $S_3$ भी है। $S_1$ ने 2010 में एक पारिवारिक लड़ाई के दौरान $D_1$ को मार डाला। 2008 में $D_2$ ने मुस्लिम धर्म में धर्मान्तरण कर लिया तथा एक मुस्लिम लड़के $D_2H$ के साथ विवाह कर लिया। उसकी 2011 में मृत्यु हो गई तथा उसने अपने पीछे $D_2H$ तथा 2009 में पैदा हुई पुत्री $D_2D$ छोड़ी है। X ने अपने पीछे 50 लाख रुपए की पृथक् सम्पत्ति छोड़ी है। X की सम्पत्ति में पूर्वोक्त सम्बन्धियों के शेयरों का अभिनिश्चय कीजिए :

(*a*) यदि X पुरुष था।

(*b*) यदि X नारी थी।

6. W, a female Hindu was given a piece of land in lieu of her maintenance at the time of family settlement in a joint Hindu family in 1995. The settlement specifically provided that she has the right to use that land for her maintenance but has no right to alienate it. It was also provided that on her death the land will revert back to the male members of the family. W gifted that land to her brother, B, in 1998 and died in 1999. On W's death, the male members of the family claimed the property back from B. Will they succeed? Decide.

एक हिन्दू नारी W को 1995 में संयुक्त हिन्दू कुटुम्ब में कुटुम्बीय समझौते के समय उसके भरण-पोषण की

एवज में एक भूखण्ड दिया गया था। समझौते में विशिष्ट रूप से व्यवस्था की गई थी कि उसको उक्त भूमि को भरण-पोषण के लिए प्रयोग करने का तो अधिकार है किन्तु उसे इसके अन्यसंक्रामण का अधिकार नहीं है। यह उपबन्ध भी किया गया कि उसकी मृत्यु पर उक्त भूमि कुटुम्ब के पुरुष सदस्यों को प्रतिवर्तित हो जाएगी। W ने 1998 में उक्त भूमि को अपने भाई B को दान में दे दिया तथा 1999 में उसकी मृत्यु हो गई। W की मृत्यु पर कुटुम्ब के पुरुष सदस्यों ने B से सम्पत्ति की वापसी की माँग की। क्या वे सफल होंगे। विनिश्चय कीजिए।

7. X, a Sunni Muslim died survived by parents M and F, surviving spouse W, a son $S_1$, a daughter D, and a widow and son of a predeceased son $S_2W$ and $S_2S$. X left behind properties worth 50 lakhs. Discuss who will get the property and what would be the quantum of their shares if :

(*a*) X was a male

(*b*) X was a female.

एक सुन्नी मुसलमान X का निधन हो गया। उसने अपने पीछे माता-पिता M तथा F, उत्तरजीवी पत्नी W, एक पुत्र $S_1$, एक पुत्री D और पूर्वमृत पुत्र की विधवा तथा पुत्र $S_2W$ और $S_2S$ छोड़े हैं। X ने अपने पीछे 50 लाख रुपये की सम्पत्ति छोड़ी है। विवेचन कीजिए कि कौन-कौन

सम्पत्ति प्राप्त करेंगे तथा उनके शेयरों की क्या-क्या प्रमात्रा होगी, यदि :

(*a*) X पुरुष था।

(*b*) X नारी थी।

8. Write short notes on any *two* of the following :

(*i*) Essentials of valid gift under Muslim law;

(*ii*) Rules relating to abatement of legacies under Sunni and Shia law;

(*iii*) Death bed gifts under Muslim law.

निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(*i*) मुस्लिम विधि के तहत विधिमान्य दान के आवश्यक तत्व;

(*ii*) सुन्नी तथा शिया विधि के तहत वसीयत सम्पदा में कमी विषयक नियम;

(*iii*) मुस्लिम विधि के तहत मृत्यु शय्या दान।